# नए साल में लिंक एक्सप्रेस-वे का तोहफा

## सीएम योगी आदित्यनाथ जनवरी में करेंगे उद्घाटन, 98 फीसदी काम हो चुका है पूरा, साढ़े तीन घंटे में पहुंचेंगे लखनऊ

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे के नए साल में उद्घाटन की तैयारी है। गोरखपुर को पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से जोड़ने वाले करीब 91 किमी लंबे इस लिंक एक्सप्रेस वे के शुरू हो जाने से गोरखपुर के अलावा संतकबीरनगर के लोगों के लिए लखनऊ से लेकर आगरा या दिल्ली की राह और आसान हो जाएगी। करीब साढ़े तीन घंटे में ही लखनऊ पहुंच जाएंगे।

लिंक एक्सप्रेस वे का 98 प्रतिशत काम पूरा होने के साथ वाहनों का आवागमन भी होने लगा है। योगी आदित्यनाथ सरकार नए साल में लिंक एक्सप्रेसवे पर आवागमन की पूर्ण सुविधा के साथ इसका औपचारिक लोकार्पण करने की तैयारी में है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में से एक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर बाईपास एनएच- 27 ग्राम जैतपुर के पास से प्रारंभ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर जनपद आजमगढ़ के सालारपुर में समाप्त हो रहा है। 91.35 किमी लंबे इस एक्सप्रेसवे की कुल लागत 7283.28 करोड़ रुपये (भूमि अधिग्रहण पर व्यय समेत) है। इससे जनपद गोरखपुर, आंबेडकरनगर, संतकबीरनगर, आजमगढ़ सीधे तौर पर लाभान्वित हुए हैं।

**बदल रहा है गोरखपुर**

यूपी एक्सप्रेस-वे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यूपीडा) की ऑफिशियल वेबसाइट पर 23 दिसंबर तक की जानकारी के अनुसार, लिंक एक्सप्रेसवे का 98 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। एक्सप्रेसवे पर कुल प्रस्तावित 343 संरचनाओं में से 337 बन चुके हैं। अन्य का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है।

**लिंक एक्सप्रेस के दोनों तरफ बन रहा इंडस्ट्रियल कॉरिडोर :** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के निर्माण से गोरखपुर क्षेत्र का और तेजी से विकास होगा। एक्सप्रेसवे पर प्रवेश नियंत्रित होने से वाहनों के ईंधन में बचत, समय की बचत एवं पर्यावरणीय प्रदूषण का नियंत्रण भी संभव हो सकेगा। एक्सप्रेसवे के किनारे इंडस्ट्रियल कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है।



लिंक एक्सप्रेस-वे जल्द ही फर्राटा भरने के लिए पूरी तरह से तैयार होगा। संवाद

### भविष्य में दो लेन बढ़ाया जा सकेगा

*गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस का निर्माण वर्ष 2019 में शुरू हुआ था। इसे वर्ष 2022 में पूरा हो जाना था, लेकिन कोरोना संकट के चलते इसके निर्माण में सुस्ती आ गई। इसकी विशेषता यह है कि इसे छह लेन की डिजाइन में तैयार किया गया है। वर्तमान में यह फोरलेन है, लेकिन भविष्य में जरूरत के अनुसार इसमें दोनों तरफ एक-एक लेन बढ़ाया जा सकता है। जगह-जगह अंडरपास और ओवरब्रिज बनाए गए हैं। जिससे कि सड़क पार करने में दिक्कत न हो।*

# तीन नए ओवरब्रिज पर भी नए साल में ही भरिए फर्राटा

संवाद न्यूज एजेंसी

गोरखपुर। गोरक्षनगरी के लोगों को नए साल में तीन ओवरब्रिज का तोहफा भी मिल जाएगा। गोरखनाथ ओवरब्रिज के समानांतर बन रहा दूसरा ओवरब्रिज, खजांची ओवरब्रिज और नकहा-बरगदवा ओवरब्रिज का निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। उम्मीद है मार्च तक इसपर लोग फर्राटा भर सकेंगे। तीनों ओवरब्रिज के चालू हो जाने के बाद शहरियों को काफी हद तक जाम से निजात मिलने की संभावना है।

### सीडीओ ने निरीक्षण कर जाना था हाल

*सीडीओ ने मंगलवार को निर्माणाधीन ओवरब्रिज का निरीक्षण कर प्रगति का हाल जाना था। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया था। जिम्मेदारों ने नए साल के तिमाही में तीनों ओवरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा होने की बात कही।*

बरगदवा-नकहा ओवरब्रिज के निर्माण में उड़ती धूल और जाम से आ रही दुश्वारियों के बीच लोगों को तसल्ली है कि निर्माण पूरा होने के बाद लोगों को सहूलियत होगी। ओवरब्रिज काम तेज गति से चल रहा है। इसका एक लेन मार्च तक शुरू करने की तैयारी है। वहीं खजांची चौराहे पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज में गोरखपुर-महराजगंज मार्ग को क्रॉस करने वाली सड़क पर काम शुरू हो गया है। गोरखनाथ ओवरब्रिज का काम भी 85 प्रतिशत पूरा हो चुका है।

रेलवे ट्रैक पर ओवरब्रिज का काम एक से दो माह में पूरा होने की संभावना है। काम की तेजी देख तीनों ओवरब्रिज को सेतु निगम फरवरी-मार्च 2025 तक पूरा होने की संभावना जता रहा है। तीनों ओवरब्रिज बनने के बाद शहर के उत्तरी छोर में परिवहन व्यवस्था बेहतर हो जाएगी, जबकि बड़ी आबादी को जाम से राहत मिलेगी।

*गोरखनाथ ओवरब्रिज, खजांची और बरगदवा-नकहा ओवरब्रिज का निर्माण तेज गति से चल रहा है। संभावना है कि अगले साल मार्च-अप्रैल तक निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। -एके सिंह, परियोजना निदेशक, सेतु निगम*



### मार्च-2025 से खजांची ओवरब्रिज से शुरू हो जाएगा आवागमन

खजांची चौराहे पर 96.50 करोड़ की लागत से बन रहे 604 मीटर लंबे ओवरब्रिज का 92 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है। इसमें खजांची चौराहे से पादरी बाजार की तरफ 90 प्रतिशत का कार्य पूरा हो गया है। पिलर, बीम और स्लैब का कार्य लगभग पूरा हो गया है, जबकि खजांची चौराहे से स्पोर्ट्स कॉलेज की ओर कार्य भी तेज गति से चल रहा है। इस ओवरब्रिज के मार्च-2025 तक पूरा हो जाने की उम्मीद है।



### गोरखनाथ ओवरब्रिज पर फरवरी से भर सकेंगे फर्राटा

गोरखनाथ ओवरब्रिज के समानांतर बन रहे टूलेन ओवरब्रिज का निर्माण भी तेजी से हो रहा है। कार्य करीब 116 करोड़ की लागत से बनने वाले इस ओवरब्रिज का 90 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। ओवरब्रिज में रेलवे का भी कुछ हिस्सा पड़ रहा है। बीच में रेलवे क्रॉसिंग पर काम भी शुरू हो गया है। रेलवे ने इस ओवरब्रिज के निर्माण की जिम्मेदारी भी सेतु निगम को दे दी है। फरवरी 2025 तक ओवरब्रिज बन जाने की उम्मीद है।



### मार्च में एक लेन से शुरू हो जाएगा बरगदवा-नकहा ओवरब्रिज

बरगदवां-नकहा ओवरब्रिज को दिसंबर-2023 में बनकर तैयार हो जाना था। लेकिन, इस साल के अंत तक भी इसे पूरा होने की संभावना नहीं है। 76.27 करोड़ की लागत से 1021.75 मीटर लंबे ओवरब्रिज के निर्माण की गति देख इसे मार्च 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है। रेलवे लाइन पर ओरवब्रिज का निर्माण रेलवे करा रहा है। संभावना है कि मार्च तक इस ओवरब्रिज का एक लेन शुरू कर दिया जाएगा।